बेहतर तिमाही नतीजों से सूचकांक और निफ्टी नई ऊंचाई पर

निवेशकों ने ओएनजीसी और टीसीएस के शेयरों में की जोरदार लिवाली

मुंबई, 22 जनवरी (भाषा)।

विदेशी कोषों के सतत प्रवाह और घरेलू निवेशकों की लिवाली से सोमवार को शेयर बाजारों में लगाातर चौथे दिन नए रेकार्ड बनाने का सिलसिला जारी रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में घरेलू निवेशकों की जोरदार लिवाली से बाजार में उछाल आया।

बंबई शेयर बाजार का सूचकांक सोमवार को कारोबार की समाप्ति पर 286.43 अंक चढ़कर 35,798.01 अंक के नए शीर्षस्तर पर पहुंच गया। वहीं नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी 10,966.20 अंक के नए रेकार्ड पर बंद हुआ। उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों तथा सरकार के हालिया उपायों मसलन कुछ क्षेत्रों के लिए माल व सेवा कर (जीएसटी)की दर में कटौती से शेयर बाजारों में रेकार्डतोड़ तेजी का सिलसिला जारी है।

बंबई शेयर बाजार का 30– शेयरों वाला सूचकांक सोमवार को मजबूत रुख में खुलने के बाद 35,827.70 अंक के अपने कारोबार के दौरान सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। हालांकि, मुनाफावसूली से यह कुछ नीचे आया। अंत में सूचकांक 286.43 अंक या 0.81 फीसद के लाभ से 35,798.01 अंक के नए रेकार्डस्तर पर बंद हुआ। इससे पहले शुक्रवार को सूचकांक 35,511.58 अंक के रेकार्ड स्तर पर बंद हुआ था। इससे पिछले तीन सत्रों में सूचकांक 740. 53 अंक चढ़ा है।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी 10,975.10 अंक के एक दिन में कारोबार के दौरान के नए रेकार्ड स्तर को छूने के बाद अंत में 71.50 अंक या 0.66 फीसद के लाभ से 10,966.20 अंक के नए रेकार्ड स्तर पर हुआ। इससे पहले शुक्रवार को निफ्टी 10,894.70 अंक की नई ऊंचाई पर बंद हुआ था।

जियोजित फाइनेंशियल सिंवसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा– बेहतर तिमाही नतीजों से बाजार में तेजी जारी है। वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख है लेकिन अच्छे बजट की उम्मीद में घरेलू बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) के निवेश से यहां बाजार धारणा मजबूत हुई। इस बीच, शेयर बाजारों के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शुद्ध रूप से 988.25 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 209.86 करोड़ रुपए की लिवाली की।

सूचकांक की कंपनियों में टीसीएस में सबसे अधिक 5.36 फीसद का उछाल आया है और यह 3,113.15 रुपए पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 4.50 फीसद चढ़कर 971.20 रुपए रहा।

एचपीसीएल में सरकार की समूची 51.11 फीसद हिस्सेदारी 36,915 करोड़ रुपए में खरीदने की मंजूरी के बाद ओएनजीसी का शेयर 3.28 फीसद चढ़ गया। एक्सिस बैंक का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 25 फीसद बढ़ा है। इससे बैंक के शेयर में 3.52 फीसद का लाभ दर्ज हुआ। अन्य कंपनियों में यस बैंक, बजाज आटो, एलएंडटी, कोटक बैंक, अडाणी पोटर्स, टाटा मोटर्स, सनफार्मा, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हीरो मोटोकार्प और डॉ रेड्डीज में 3.52 फीसद तक का लाभ रहा। हालांकि, विप्रो के शेयर में 2.33 फीसद की गिरावट आई। दिसंबर तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 8.4 फीसद घटा है।

भारती एअरटेल, एशियन पेंट, एचडीएफसी लि., एसबीआइ, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आइसीआइसीआइ बैंक के शेयर नुकसान में रहे। बीएसई स्मालकैप में 0.78 फीसद तथा मिडकैप में 0.63 फीसद का लाभ रहा। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग 0.43 फीसद चढ़ा। शांगहाए कम्पोजिट में 0.39 फीसद और जापान के निक्की में 0.03 फीसद की बढ़त रही। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार नीचे चल रहे थे।

जगुआर ने की लग्जरी वाहनों पर कर को तर्कसंगत बनाने की मांग

नई दिल्ली, 22 जनवरी (भाषा)।

टाटा मोटर्स की लग्जरी वाहन बनाने वाली इकाई जगुआर लैंड रोवर ने कहा कि बड़ी स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और कारों पर महज लग्जरी कार होने की वजह से सरकार को इनके ऊपर कर की दर अधिक नहीं रखनी चाहिए।

जगुआर लैंड रावेर इंडिया के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक रोहत सुरी ने कहा कि लग्जरी वाहनों पर भारत में सर्वाधिक कर है। उन्होंने कहा कि इससे वृद्धि में रुकावट आयी है और यह कंपनियों को यहां अधिक मॉडल तैयार होने से भी रोक रहा है।

सुरी ने कहा– उपकर में बढ़ोतरी के बाद एसयूवी पर कर की दर 43 फीसद से बढ़कर 50 फीसद हो गयी है। यह विश्व में सर्वाधिक में से एक है। इस तरह कर की अधिक दर से बाजार का विस्तार प्रभावित होता है। मुझे उम्मीद है कि सरकार इसपर ध्यान देगी। सुरी ने कहा– वाहन उद्योग यह नहीं कह रहा कि लग्जरी वाहनों पर कर की दर शून्य कर दी जाए या निम्न स्मर के यूटिलिटी व्हीकल के बराबर कर दी जाए। पर यह तर्कसंगत होना चाहिए। यह महज लग्जरी कार होने के कारण अत्यधिक नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लग्जरी वाहन क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था के साथ ही रोजगार सृजन में भी योगदान दे सकता है। इसलिए सरकार को इस पर गौर करना चाहिए कि कर तर्कसंगत हो ताकि रोजगार बढ़े।

एचपीसीएल कर सकती है एमआरपीएल का अधिग्रहण

नई दिल्ली, 22 जनवरी (भाषा)।

एचपीसीएल देश की तीसरी सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी कंपनी बनने के लिए मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लि. (एमआरपीएल) का अधिग्रहण कर सकती है। यह अधिग्रहण नकद और शेयर अदला–बदली सौदे के जरिए हो सकता है।

देश की सबसे बड़ी गैस उत्पादक कंपनी आयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन (ओएनजीसी) ने पिछले सप्ताह एचपीसीएल के 36,915 करोड़ रुपये में अधिग्रहण की घोषणा की। इस अधिग्रहण के बाद ओएनजीसी के पास दो अनुषंगी रिफाइनरी कंपनियां– एचपीसीएल और एमआरपीएल हो गई हैं।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन (एचपीसीएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश कुमार सुराना ने कहा– अगर एमआरपीएल एचपीसीएल के पास आती है तो हम चीजों में काफी तालमेल ला सकते हैं। एचपीसीएल उत्पादन के मुकाबले अधिक पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री करती है जबकि एमआरपीएल की 1.5 करोड़ टन सालाना क्षमता की रिफाइनरी को अपने नियंत्रण में लेने से उसे कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि साथ ही कच्चे तेल की खरीद के साथ रिफाइनरी गठन के अनुकूलतम उपयोग में तालमेल हो सकता है। ओएनजीसी की एचपीसीएल को एक स्वतंत्र सूचीबद्ध कंपनी के रूप में बनाये रखने की योजना है।

सुराना ने कहा– एमआरपीएल हमारे लिये कोई नई कंपनी नहीं है। वास्तव में ओएनजीसी द्वारा 2003 में इसमें संयुक्त उद्यम सहयोगी एवी बिड़ला समूह की हिस्सेदारी के अधिग्रहण से पहले यह एचपीसीएल की ही कंपनी थी। हम एमआरपीएल में लगभग 17 फीसद हिस्सेदारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि विलय ओएनजीसी समूह के हित में है।

ओएनजीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शशि शंकर ने कहा कि उनकी कंपनी बाद में एमआरपीएल का एचपीसीएल में विलय पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि दोनों कंपनियों के निदेशक मंडलों को प्रस्ताव पर विचार और उस पर निर्णय करना है। ओएनजीसी की एमआरपीएल में 71.63 फीसद हिस्सेदारी है जबकि एचपीसीएल की 16.96 फीसद। सुराना ने कहा कि विलय शेयर अदला–बदली व नकद के जरिए हो सकता है।

दिलीप शेनॉय फिक्की के महानिदेशक नियुक्त

नई दिल्ली, 22 जनवरी (भाषा)।

उद्योग मंडल फिक्की ने दिलीप शेनॉय को महानिदेशक नियुक्त किया है। फिक्की ने बयान में कहा– शेनॉय राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), सियाम के महानिदेशक और सीआइआइ के उप महानिदेशक रह चुके हैं।

मैकडोनाल्ड्स को कारण बताओ नोटिस

नई दिल्ली, 22 जनवरी (भाषा)। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने रेस्तरां चलाने वाली अमेरिका कंपनी मैकडॉनाल्ड्स को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने का आज निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि मैकडॉनाल्ड्स के पूर्व सहयोगी विक्रम बक्शी ने न्यायाधिकरण के समक्ष अवमानना याचिका दायर की थी, जिस पर एनसीएलटी ने मैकडॉनाल्ड्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

एनसीएलटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एम एम कुमार की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले को सुनवाई के लिए सात फरवरी 2018 को सूचीबद्ध किया है। दिल्ली हाई कोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद न्यायाधिकरण ने मैकडॉनाल्डस और उसकी भारतीय अनुषंगी मैकडॉनाल्ड्स इंडिया प्राइवेट लिमिडेट (एमआईपीएल) के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर फिर से कार्यवाही शुरू की है। मैकडॉनाल्ड्स द्वारा आदेश को चुनौती देने के बाद नवंबर में हाई कोर्ट ने एनसीएलटी के नोटिस पर रोक लगा दी थी। इस महीने की शुरुआत में हाई कोर्ट ने एनसीएलटी के नोटिस को चुनौती देने वाली मैकडॉनाल्ड्स की याचिका को खारिज कर दिया है।

शीला फोम लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : सी– 55, प्रीत विहार, विकास मार्ग, दिल्ली–110092
कॉर्पोरेट कार्यालयः 37/2, साईट IV, साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद, यू.पी. 201010
फोनः +91-120-4162200 सीआईएनः L74899DL1971PLC005679
वेबसाइटः www.sheelafoam.com ई–मेलः iquebal.ahmad@sheelafoam.com

सूचना

एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक अन्य विषयों के साथ – साथ 31 दिसम्बर, 2017 को समाप्त तिमाही एवं नौमाही के **अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों** पर विचार–विमर्श एवं अनुमोदित करने के लिए दिनांक **05 फरवरी, 2018 दिन सोमवार** को आयोजित की जाएगी।

कृते शीला फोम लिमिटेड
हस्ता/–
(मो. इकबाल अहमद)
कंपनी सचिव

स्थान : साहिबाबाद
दिनांक : 22 जनवरी, 2018

RELAXO FOOTWEARS LIMITED

RELAXO

Registered Office: Aggarwal City Square, Plot No.-10, Manglam Place, District Centre, Sector-3, Rohini, Delhi-110085
CIN No:- L74899DL1984PLC019097, Ph: 011-46800500, Fax: 011-46800692
E-mail: rfl@relaxofootwear.com Website: www.relaxofootwear.com

सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं आवश्यक उदघोषणा) विनियम, 2015 के विनियम 29 के प्रावधानों के अनुपालन में कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शनिवार, 3 फरवरी, 2018 की दोपहर 12:15 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय – अग्रवाल सिटी स्क्वॅयर, प्लॉट नं. 10, मंगलम प्लेस, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सेक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली – 110085 में होगी जिसमें अन्य कार्यों के अलावा 31 दिसम्बर, 2017 को समाप्त तिमाही और नौमाही के अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन और उन्हें रिकॅार्ड करने का काम किया जाएगा।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड
हस्ता./–
विकास कुमार टाक
कम्पनी सचिव

तिथिः 22.01.2018
स्थानः दिल्ली

टूरिज्म फाइनेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

(सीआईएनः L65910DL1989PLC034812)
पंजीकृत कार्यालयः चौथा तल, टॉवर 1, एनबीसीसी प्लाज़ा, सैक्टर-V, पुष्प विहार, साकेत, नई दिल्ली–110017, फोनः 011-29561180, फैक्स : 011-29561171
ईमेलः complianceofficer@tfciltd.com, वेबसाइटः www.tfciltd.com

सूचना

सेबी (सूचीकरण उत्तरदायित्व एवं प्रकट आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में हम आपको सूचित करते हैं कि टूरिज्म फाइनेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के निदेशक मंडल की बैठक, अन्य बातों के साथ-साथ **31 दिसम्बर, 2017** को समाप्त तिमाही/9 महीने के लिये वित्तीय परिणामों पर विचार और अनुमोदन के लिये, **7 फरवरी, 2018** को आयोजित की जायेगी।

इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इन्साइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015 और इन्साइडर ट्रेडिंग की रोकथाम के लिये कंपनी की आंतरिक आचरण संहिता के अनुपालन में **कंपनी की प्रतिभूतियों के लेनदेन के लिये ट्रेडिंग विंडो बुधवार, 31 जनवरी, 2018 से शुक्रवार 9 फरवरी, 2018 तक (दोनों दिवस शामिल) उपरोक्त उद्देश्य के लिये बंद रहेगी।** उपरोक्त सूचना कंपनी की वेबसाइट **(www.tfciltd.com)**, बीएसई लि. की वेबसाइट **(www.bseindia.com)** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. की वेबसाइट **(www.nseindia.com)** पर उपलब्ध है।

कृते टूरिज्म फाइनेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि.
हस्ता./–
(संजय आहूजा)
कम्पनी सचिव

दिनांकः जनवरी 22, 2018
स्थानः नई दिल्ली

BRAND REALTY SERVICES LIMITED

Registered Office: S-8 & S-2, DDA Shopping Complex, Opp Pocket-I Mayur Vihar-I, Delhi-110091
Corporate Office: F-6/18, Plot No. D-6, Wave Silver Tower, Sector-18, Noida-201301
Landline: 011-22755819, **Mobile**: 9999916037 **Fax:** 011-22795783
Web : www.brandrealty.in **E-Mail :** nikhil@brandrealty.in
CIN: L74899DL1995PLC064237

NOTICE

In Compliance of Regulation 29 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, it is hereby informed that a meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on 31st January, 2018, Wednesday at 01:00 P.M. at the Corporate Office of the Company at F6-/18, Plot No. D-6, Wave Silver Tower, Sector-18, Noida-201301, to consider and approve, inter-alia, the Un-audited Standalone Financial Results of the Company for the quarter ended 31st December, 2017.

In this connection, kindly note that pursuant to the Company's Code of Conduct framed in accordance with SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 ('the code'), Trading Window for dealing in shares of the Company, for persons specified under the Code, shall remain closed from 24th January, 2018, Wednesday to 02nd February, 2018, Friday (both days inclusive).

By Order of the Board
For **Brand Realty Services Limited**
Sd/-
Vishal Gupta
Compliance Officer & Company Secretary

22nd January, 2018
Noida

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
ONE FAMILY ONE BANK

जोनल आफिस, 15 एनबीसीसी टावर, तृतीय तल, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066, फोन : 011–26164817/26197769 टेलीफैक्स : 26171554
ई–मेल आईडी : cmmarc_del@mahabank.co.in, recovery_del@mahabank.co.in

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) के अधीन आस्तियों की बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

सरफासी ऐक्ट तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में तथा यहां नीचे वर्णित कर्जदारों/बंधकदाताओं की प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा प्राप्त किए जाने के अनुसरण में संबंधित कर्जदारों/बंधकदाताओं, उनके कानूनी वारिसों/प्रतिनिधियों, जैसी भी स्थिति है, सहित समस्त संबंधितजन और जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे सूचीबद्ध सम्पत्तियों के क्रय हेतु मोहरबंद ऑफर्स आमंत्रित हैं।

क्र. सं.	कर्जदार/गारंटर का नाम और पता	सम्पत्ति लॉट सं.	बंधक रखी गई सम्पत्ति का वर्णन	धरोहर राशि जमा – रू.	सुरक्षित मूल्य– रू.
1	1. श्री मनीष खत्री पुत्र श्री कमल खत्री नंबर 1223–ए, प्रथम तल, रानी बाग, नई दिल्ली–110034 अन्य पता : क) श्री मनीष खत्री पुत्र श्री कमल खत्री 431–ए, प्रथम तल, ऋषि नगर, रानी बाग, नई दिल्ली–110034 ख) श्री मनीष खत्री पुत्र श्री कमल खत्री सी/ओ ग्रासिम इलेक्ट्रीकल ऐण्ड स्विचगियर प्रा. लि., 41–बी, भू तल, ऋषि नगर, शकूर बस्ती, रानी बाग, नई दिल्ली–110034 2. श्री कवल राज क्षत्रित पुत्र राम सरन क्षत्रिय, नंबर नंबर 1223–ए, प्रथम तल, रानी बाग, नई दिल्ली–110034 अन्य पता : श्री कवल राज क्षत्रिय पुत्र राम सरन क्षत्रिय, सी/ओ ग्रासिम इलेक्ट्रीकल ऐण्ड स्विचगियर प्रा. लि., 41–बी, भू तल, ऋषि नगर, शकूर बस्ती, रानी बाग, नई दिल्ली–110034	01	श्री मनीष खत्री के नाम में प्लॉट नंबर 12, खेवट नंबर 44 एवं खसरा नंबर 380, ऋषि नगर, शकूर बस्ती, रानी बाग, नई दिल्ली–110034 में निर्मित 91.33 वर्ग गज परिमाप की आवासीय सम्पत्ति सं. 431–ए, प्रथम तल का साम्यिक बंधक।	रू 2.30 लाख (सम्पत्ति हमारे वास्तविक कब्जे में है) ई–नीलामी की तिथि उस तिथि को ई–नीलामी का समय	रू 23.00 लाख 12.02.2018 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे (आईएसटी) तक। 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ
	बकाया राशि रू रू. 40,32,018/– (रू चालीस लाख बत्तीस हजार अठारह मात्र) (+) उस पर 11–07–2016 की प्रभावी तिथि से आगे ब्याज (–) 11–07–2016 के बाद वसूली				
2	1. श्री अमनदीप सिंह पुत्र श्री अजीत सिंह, मकान नंबर 256, ब्लॉक बीएच, प्रथम तल, शालीमार बाग, नई दिल्ली–110088 अन्य पता : श्री अमनदीप सिंह पुत्र श्री अजीत सिंह, बीए–83, शालीमार बाग, नई दिल्ली–110088 2. श्रीमती सोनिया आनंद पत्नी श्री अमनदीप सिंह, मकान नंबर 256, ब्लॉक बीएच, प्रथम तल, शालीमार बाग, नई दिल्ली – 110088 3. मैसर्स सिंह एक्सपोर्ट्स स्वामी : श्री अमनदीप सिंह पुत्र श्री अजीत सिंह, 631, गली बावली, 6 टूटी चौक, मेन बाजार, पहाड़गंज, दिल्ली–110055	02	श्री अमनदीप सिंह एवं श्रीमती सोनिया आनंद द्वारा स्वाधिकृत 36.00 वर्ग मीटर परिमाप की आवासीय सम्पत्ति सं. 256, ब्लॉक बीएच, प्रथम तल, छत का अधिकार नहीं, शालीमार बाग, नई दिल्ली–110088 का साम्यिक बंधक।	रू 2.52 लाख (सम्पत्ति हमारे वास्तविक कब्जे में है) ई–नीलामी की तिथि उस तिथि को ई–नीलामी का समय	रू 25.20 लाख 12.02.2018 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे (आईएसटी) तक। 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ
	बकाया राशि (रू) रू. 39,21,488/– (रू रू. उन्तालीस लाख इक्कीस हजार चार सौ अठासी मात्र) (+) उस पर 05–12–2015 की प्रभावी तिथि से आगे ब्याज (–) 05–12–2015 के बाद वसूली				
	लाट न. 1 एवं 2 के लिए, शाखा ऑफिस : बैंक ऑफ महाराष्ट्र, लॉरेंस रोड, फोन– 011–27391501 ई–मेल – bom1734@mahabank.co.in, cmmarc_del@mahabank.co.in, recovery_del@mahabank.co.in प्राधिकृत अधिकारी – श्री गौरव त्यागी, फो 9717020782				
3	1. शुभम स्टार्च केम प्रा. लि. 59/17, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली–110005 अन्य पता : 287–सी, एचएसआईडीसी, सेक्टर–59, फरीदाबाद, हरियाणा 2. श्री आनंद अग्रवाल (गारंटर) 414, सेक्टर–8, फरीदाबाद, हरियाणा – 121006 3. श्रीमती नीता अग्रवाल (गारंटर) 414, सेक्टर–8, फरीदाबाद, हरियाणा – 121006 4. श्री आकाश अग्रवाल 414, सेक्टर–8, फरीदाबाद, हरियाणा – 121006 5. श्री राकेश कुमार गुप्ता, मकान नंबर 213, सेक्टर 7–ए, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद 6. मैसर्स आकाश इंटरनेशनल (एचयूएफ) 414, सेक्टर–8, फरीदाबाद, हरियाणा – 121006 7. मैसर्स तिरूपति इंडस्ट्रियल केमिकल्स प्रा. लि. 287–सी, एचएसआईडीसी, सेक्टर–59, फरीदाबाद, हरियाणा 8. मैसर्स कार्तिक इंडस्ट्रीज, 414, सेक्टर–8, फरीदाबाद, हरियाणा	03	शुभम स्टार्च केम प्रा. लि. के नाम में एचएसआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट, सेक्टर–59, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा में 564 वर्ग गज परिमाप के कॉर्नर प्लॉट नंबर 287–सी पर भू तल + डेढ़ मंजिल निर्माण के रूप में औद्योगिक यूनिट।	रू 24.70 लाख (सम्पत्ति हमारे सांकेतिक कब्जे में है) ई–नीलामी की तिथि उस तिथि को ई–नीलामी का समय	रू 247.00 लाख 26.02.2018 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे (आईएसटी) तक। 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ
		04	श्री राकेश गुप्ता पुत्र स्व. रघुबीर शरण गुप्ता के नाम में सेक्टर 7–ए, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद, हरियाणा में 250 वर्ग गज परिमाप के प्लॉट नंबर 213 पर मम्टी के साथ निर्मित एक मंजिला आवासीय भवन	रू 16.40 लाख (सम्पत्ति हमारे सांकेतिक कब्जे में है) ई–नीलामी की तिथि उस तिथि को ई–नीलामी का समय	रू 164.00 लाख 26.02.2018 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे (आईएसटी) तक। 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ
		05	श्री आनंद अग्रवाल पुत्र श्री एम के अग्रवाल के नाम में सेक्टर 8, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद, हरियाणा में 258.33 वर्ग गज परिमाप के प्लॉट नंबर 414 पर निर्मित भू तल + डेढ़ मंजिल का आवासीय भवन	रू 19.10 लाख (सम्पत्ति हमारे सांकेतिक कब्जे में है) ई–नीलामी की तिथि उस तिथि को ई–नीलामी का समय	रू 191.00 लाख 26.02.2018 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे (आईएसटी) तक। 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ
	बकाया राशि (रू) – रू. 10,28,65,900/– (रू. दस करोड़ अठाइस लाख पैन्सठ हजार नौ सौ मात्र) (+) उस पर 04–07–2014 की प्रभावी तिथि से आगे ब्याज (–) 04–07–2014 के बाद वसूली				
4	1. मैसर्स लॉंटे इलेक्ट्रॉनिक्स लि., 1/24, आसफ अली रोड, नई दिल्ली– 110002 अन्य पता : प्लॉट नंबर 35 बी, उद्योग विहार इंडस्ट्रियल एरिया, ग्रेटर नोएडा – 201306 तथा 539–542, ग्राम किशन पुर, नालंदा रोड, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखंड तथा डब्ल्यूपी–501/ए, 304 तृतीय तल, रोशनी कॉम्प्लेक्स शिव मार्केट अशोक, विहार फेज–1, दिल्ली–110052 2. मैसर्स कॉर्टेक इलेक्ट्रॉनिक्स (इंडिया) लिमिटेड 1/24, आसफ अली रोड, नई दिल्ली–110002 अन्य पता : श्री यंग मैन यून 4जी, मैरीगोल्ड मैन्सन, टाइकूशिंग, हांगकांग 3. श्री यंग मैन यून पुत्र जिक यून, प्लॉट नंबर 501, टावर नंबर 11, एनआरआई सिटी, ग्रेटर नोएडा अन्य पता : डी–35, सेक्टर–51, नोएडा–201301 4. श्री किम योंग सुंग 10/एफ, बीएलके 47, 550555 विक्टोरिया रोड बैगुइयो विला पोकफूलैम 000000 हांगकांग 5. श्री किल ह्वान ली 2/एफ, ब्लॉक–31, बैगुइयो विला 550 विक्टोरिया रोड पोकफूलैम 000000 हांगकांग	06	मैसर्स लॉंटे इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लि. के नाम में खेत नंबर 539, 540, 541 एवं 542, ग्राम किशन पुर, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड कवर्ड एरिया – 9183.281 वर्ग मीटर, प्लॉट एरिया – 16,753.99 वर्ग मीटर।	रू 125.70 लाख (सम्पत्ति हमारे सांकेतिक कब्जे में है) ई–नीलामी की तिथि उस तिथि को ई–नीलामी का समय	रू 1256.54 लाख 26.02.2018 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे (आईएसटी) तक। 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ
	बकाया राशि (रू) – रू. 14,78,46,488/– (रू. चौदह करोड़ अठत्तर लाख छियालीस हजार चार सौ अठासी मात्र) (+) उस पर 11–01–2014 की प्रभावी तिथि से आगे ब्याज (–) 11–01–2014 के बाद वसूली				
	लाट न. 03, 04, 05 एवं 06 के लिए, शाखा ऑफिस : बैंक ऑफ महाराष्ट्र, साउथ एक्सटेंशन शाखा, फोन– 011–24623153, 24626168, 24631151 (फैक्स), ई–मेल – brmgr392@mahabank.co.in, bom392@mahabank.co.in, प्राधिकृत अधिकारी – श्री श्री बिक्रम त्रिपाठी, फोन 08902487341				

बिक्री पूर्णतया निविदा प्रपत्र में निर्धारित नियमों तथा शर्तों के अधीन है तथा "जैसा है जहां है" और "जो है जहां है" आधार पर है।

1. नीलामी बिक्री/बोलीदान केवल वेबसाइट https://bom.auctiontiger.net के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोलीदान" प्रक्रिया से किया जाएगा।
2. (क) इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम पोर्टल https://bom.auctiontiger.net पर पंजीकृत करवाकर अपनी यूजर आईडी तथा पासवर्ड मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. (ईटीएल) से निःशुल्क प्राप्त कर लेना चाहिए, उसके बाद ही उनको ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।
(ख) बोलीदाता द्वारा ऑफलाइन बिड, केवाईसी दस्तावेज तथा ईएमडी राशि जमा करने हेतु लॉट सं. 01 एवं 02 के लिए अंतिम तिथि :– 10–02–2018 को अप. 03.00 बजे तक है और लॉट सं. 03, 04, 05 एवं 06 के लिए अंतिम तिथि :– 24–02–2018 को अप. 03.00 बजे तक है
(ग) इच्छुक बोलीदाता को ई–नीलामी में भाग लेने हेतु अनुरोध पत्र के साथ ईएमडी जमा हेतु प्रमाण जैसे यूटीआर नंबर (i) पहचान का प्रमाण (केवाईसी) जैसे वोटर आई कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट इत्यादि, (ii) पत्राचार हेतु वर्तमान पता, (iii) बोलीदाता का पैन कार्ड, (iv) वैध ई–मेल आईडी, (v) बोलीदाता का सम्पर्क नंबर (मोबाइल/लैंडलाइन) बैंक ऑफ महाराष्ट्र, तृतीय तल, 15 एनबीसीसी टावर, तृतीय तल, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली पिन कोड–110066 के प्राधिकृत अधिकारी को अप. 03.00 बजे तक सौंप देने चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी की ई–मेल आईडी recovery_del@mahabank.co.in, cmmarc_del@mahabank.co.in, पर प्रस्तुत की जानी चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी का विवरण : ऊपर वर्णित किया गया है।
(घ) पोर्टल https://bom.auctiontiger.net पर ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य बोलीदाताओं के नाम की पहचान बैंक ऑफ महाराष्ट्र, तृतीय तल, 15 एनबीसीसी टावर, तृतीय तल, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066 द्वारा की जाएगी। मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. ग्राह्य बोलीदाताओं के पैन कार्ड की विधिवत जांच कर यूजर आईडी तथा पासवर्ड जारी करेंगे।
3. नीलामी की तिथि और समय लॉट सं. 01 एवं 02 के लिए 12–02–2018 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे (भामास) तक है। 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार और नीलामी की तिथि और समय लॉट सं. 03, 04, 05 एवं 06 के लिए 26–02–2018 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे (भामास) तक है। 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार।
4. नीलामी उपरोक्तानुसार सुरक्षित मूल्य से प्रारंभ होगी। बोलीदाता अपनी बोली रू. 10,000/– के गुणकों (बोली गुणक) में बढ़ा सकेंगे।
5. इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल https://bom.auctiontiger.net पर अपना नाम पंजीकृत करा लेना चाहिए तथा मै. ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. (ईटीएल) से अपना यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त कर लेना चाहिए, तदनंतर उन्हें ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति होगी।
6. प्रत्याशित बोलीदाता मैसर्स एबीसी प्रोक्योर,(ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड) अहमदाबाद से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकते हैं। (संपर्क सं. : 079–40230 801/806/813/816/818/814 ; संपर्क व्यक्ति कुशल कोठारी मोबाइल नं. 07940005416 ई–मेल – kushal@auctiontiger.net; श्री रिकिन ब्रह्मक्षत्रिय, मोबाइल नं. 9978591888 ई–मेल – rikin@auctiontiger.net; श्री नीतीश झा, मोबाइल नं. 8800896847 ई–मेल – delhi@auctiontiger.net; सपोर्ट लैंडलाइन्स : 079 40230833/832/831/816/817/818/819/820.
7. धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से खाता संख्या 60121785733 "प्राधिकृत अधिकारी सरफासी ऐक्ट ईएमडी" के नाम में बैंक ऑफ महाराष्ट्र, साउथ एक्सटेंशन शाखा आईएफएससी कोड सं. MAHB0000392 में अथवा (बैंक ऑफ महाराष्ट्र . ... सम्पत्ति लॉट सं. .... एवं कर्जदार का नाम .... " के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत अथवा अनुसूचित बैंक से आहरित दिल्ली में देय डिमांड ड्राफ्ट द्वारा आनलाइन निविदा जमा करने से पहले जमा करनी होगी। ईएमडी केवल बोलीदाताओं के खाते से जमा की जाएगी तथा बैंक द्वारा केवल प्रेषक खातों को ही वापस की जाएगी।
8. उच्चतम/सफल बोलीदाता के मामले में धरोहर राशि समायोजित की जाएगी अन्यथा बिक्री को अंतिम रूप दिए जाने के 15 कार्यदिवसों के भीतर वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
9. इच्छुक पार्टियां संबंधित शाखा के साथ पूर्व निर्धारित समयानुसार संपत्तियों का निरीक्षण प्रकाशन की तिथि से उस सम्पत्ति के लिए केवाईसी दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि के एक दिन पूर्व तक कर सकती हैं।
10. सफल बोलीदाता को बिक्री के संबंध में एओ द्वारा बोली की मंजूरी पर बोली/क्रय राशि की 25 प्रतिशत राशि धरोहर राशि समायोजित करते हुए, यथाशीघ्र पर अगले दिन अप. 2.00 बजे तक हर हाल में जमा करनी होगी अन्यथा उनकी ईएमडी जब्त कर ली जाएगी। उच्चतम बोलीदाता को सफल बोलीदाता/खरीदार माना जाएगा बशर्ते कि वह बोली देने हेतु कानूनी तौर पर हमेशा पात्र रहा है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी समय उक्त नीलामी की शर्तों में कोई भी शर्त जोड़, बदल या संशोधित कर सकता है तथा उच्चतम बोलीदाताओं सहित सभी बोलीदाताओं को उस शर्त या संशोधन को मानना होगा।
11. लॉट नंबर 1 एंव 2 दोनों के लिए बोलियां प्राप्त होने की स्थिति में प्राधिकृत अधिकारी किसी भी लॉट (अर्थात 1 अथवा 2) के लिए ई–नीलामी निरस्त कर सकते हैं। इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम मान्य होगा।
12. यह सूचना बैंक की ओर से उपरोक्त संपत्ति/सम्पत्तियां बेचने के संबंध में कोई वचनबद्धता या अभिवेदन प्रस्तुत नहीं करती है अथवा ऐसा करती नहीं समझी जाएगी। बैंक/प्राधिकृत अधिकारी के पास कारण बताकर या उपयुक्त समझे जाने पर बिना कोई कारण बताए बिक्री निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है तथा बोलीदाता को उस संबंध में कोई प्रश्न करने का अधिकार नहीं होगा। यदि ऐसी बिक्री पर किसी प्राधिकरण द्वारा कोई कर, दंड अथवा किसी प्रकार का प्रभार वसूल किया जाता है, तब यह केवल क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा। इसके अलावा भी यदि किसी प्राधिकरण को सम्पत्ति पर कोई देयता अथवा दंड या प्रभार देय हैं/वसूल किए जाने हैं, तब भी यह केवल क्रेता द्वारा बिक्री मूल्य के अतिरिक्त वहन किया जाएगा। बोलीदाता को सम्पत्ति की बिक्री पर 1 प्रतिशत टीडीएस (जहां लागू है) का भुगतान, उपरोक्त सुरक्षित मूल्य के अतिरिक्त, सीधे सरकार को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार करना होगा। पंजीकरण प्रभार भी क्रेता द्वारा ही वहन किया जाएगा।
13. यह प्रकाशन उपरोक्त कर्जदार/बंधकदाता/गारंटरों के लिए पंद्रह दिन तथा तीस दिन, जैसी भी स्थिति है, की अग्रिम सूचना भी है।
14. विस्तृत नियम एवं शर्तें, ई–नीलामी दस्तावेजों, ई–नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी के सामान्य नियम एवं शर्तें निम्न वेबसाइट्स पर उपलब्ध हैं :
क) https://bom.auctiontiger.net ख) http://www.bankofmaharashtra.in/ ग) http://tenders.gov.in/

विशेष अनुदेश/चेतावनी – बोलीदाताओं को अपने स्वयं के हित में अंतिम मिनटों/सेकंडों में बोली देने से बचना चाहिए। बैंक ऑफ महाराष्ट्र अथवा सेवा प्रदाता किसी तकनीकी गड़बड़ी या इंटरनेट की विफलता के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। ऐसी स्थिति से बचने के लिए बोलीदाताओं से बिजली आपूर्ति बैक–अप इत्यादि के सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्पों की व्यवस्था करने का अनुरोध किया जाता है, ताकि वे इस प्रकार की जटिल स्थिति में नहीं फंसें तथा ई–नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

तिथि : 22–01–2018 स्थान : नई दिल्ली (प्राधिकृत अधिकारी)